सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link: https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 1 | अजमेर, बुधवार 25 जून 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सेना के लिए 1981 करोड़ रुपए के हथियारों उपकरणों की आपात खरीद



नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाओं को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने और आतंकवाद रोधी अभियानों में सेना की संचालन तथा मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपात खरीद प्रणाली के तहत 1981 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक हथियारों की खरीद के 13 अनुबंधों को अंतिम रूप दिया है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सेना के लिए आपात खरीद मद के तहत 2000 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। आपात खरीद प्रणाली के तहत सेना के लिए एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम ;आईडीडीआईएस लो लेवल लाइटवेट रडार ;एलएलएलआर बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली ;वीएसएचओआरएडीएस लॉन्चर और मिसाइल रिमोटली पायलटेड एरियल व्हीकल ;आरपीएवी वर्टिकल टेक.ऑफ और लैंडिंग, वीटीओएल सिस्टम सहित लोइटरिंग म्यूनिशन विभिन्न श्रेणियों के ड्रोरन बुलेट प्रूफ जैकेट ;बीपीजे बैलिस्टिक हेलमेट क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल ;क्यूआरएफ्वी.भारी और मध्यम और राइफ्लों के लिए नाइट साइट्स जैसे हथियार और उपकरण खरीदे जायेंगे।आपात खरीद प्रणाली के तहत त्वरित प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाने वाली खरीद का उद्देश्य आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए स्थितिजन्य जागरूकता मारक क्षमता गतिशीलता और सुरक्षा को बढ़ाना है। तेजी से क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अधिग्रहण को कम से कम समयसीमा के भीतर पूरा किया गया है। यह खरीद रक्षा मंत्रालय की सेना को उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आधुनिक मिशन.महत्वपूर्ण और पूरी तरह से स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय इससे पहले भी कई बार आपात खरीद प्रणाली के तहत सेनाओं के लिए खरीद कर चुका है।

## रेलवे के यात्री किरायों में 1 जुलाई से वृद्धि की तैयारी

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार से उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी। वर्ष 2019 में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाए गए थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में 2 पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है।साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर 01 पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराए में 01 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि प्रथम श्रेणी के किराये में 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। सभी वातानुकूलित श्रेणियों में एक समान 4 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई थी। यह वृद्धि जनवरी 2020 से लागू हुई थी।

## ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट की सीमा पांच लाख रुपए की

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ ने अपने अंशधारकों के लिए भविष्य निधि जमा से ऑटो सैटलमेंट के माध्यम से अग्रिम राशि निकालने की सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है। ईपीएफओ के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कोविड काल के दौरान एक लाख रुपए तक के अग्रिम दावे के लिए ऑटो सेंटलमेंट की सुविधा शुरू की गई थी जिसे अब पांच लाख रुपए तक बढा दिया गया है। इससे लाखों अंशधारकों को लाभ होगा। ईपीएफओ ने सबसे पहले कोविड.19 महामारी के दौरान सदस्यों के लिए वित्तीय सहायता के लिए यह सुविधा आरंभ की थी। बाद में इसे बीमारी, शिक्षा, विवाह और आवास जैसी आवश्यकता के लिए बढ़ा दिया गया है।

हाल में ईपीएफओ ने अपनी सेवाओं को तेज़, पारदर्शी और जन अनुकूल बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। इनमें अपने ग्राहक को जानो त्रुटि सुधार की प्रक्रिया को सरल बनाना आदि शामिल है। इसके अलावा अंशधारक को अपने प्रोफाइल सुधार के लिए नियोक्ता और ईपीएफओ पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

सूत्रों अनुसार यह प्रक्रिया बिना किसी मानव संलिप्तता के तेज़ी और पारदर्शिता के साथ दावा निपटाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट के ज़रिए रिकॉर्ड 2.34 करोड़ अग्रिम दावे निपटाये हैं जो कि पिछले वर्ष 2023-24 के 89.52 लाख दावों की तुलना में 161 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023.24 में जहां 31 प्रतिशत अग्रिम दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाए गए थे। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया।आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025.26 के शुरुआती ढाई महीनों में ही ईपीएफओ ने 76.52 लाख दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाए हैं जो अब तक के सभी अग्रिम दावे का 70 प्रतिशत हैं।

## बीकानेर संभाग में 9 खाद कारखानों के खिलाफमामले दर्ज

बीकानेर। राजस्थान में पिछले दिनों बीकानेर संभाग के तीन जिलों बीकानेर श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में खाद कारखानों तथा गोदामों पर अधिकारियों सहित अचानक की गई छापेमारी के बाद अब नौ कारखाना संचालकों के खिलाफ मामले दर्ज करवाए गए हैं।कृषि मंत्री डॉ़ किरोड़ीलाल मीणा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इनमें आठ मामले बीकानेर जिले के बीछवाल और जामसर और एक श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ थाने में कृषि अधिकारियों द्वारा दर्ज करवाए गए हैं।

## कोटपुतली बहरोड़ में बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक को गोली मारी

अलवर। राजस्थान में कोटपुतली बहरोड़ जिले के बानसूर थाना क्षेत्र में मंगलवार को बदमाशों ने दिन दहाड़े गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी।

थाना प्रभारी सुरेंद्र मालिक ने बताया कि मंगलवार अपराह्न में शराब का ठेकेदार सुनील उर्फ टूल्ली ;35 बानसूर के अलवर बाईपास मार्ग पर टेलर की दुकान पर कपड़े लेने गया था। इसी दौरान तीन मोटर साइकिलों पर आए छह बदमाशों ने सुनील पर गोलियां चलाई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर बानसूर के पुलिस उपाधीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल सुनील को कोटपूतली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है। हत्या का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है।

## इजराइल और ईरान के बीच बारह दिन बाद युद्धविराम

यरूशलम। ईरान और इजराइल के बीच बारह दिनों के बाद मंगलवार सुबह युद्धविराम पर सहमति हो गई लेकिन इसके बाद भी दोनों देशों ने एक दूसरे पर मिसाइलों से हमला किया और दोनों के बीच इस पर सहमति इजराइली समयानुसार मंगलवार सुबह सात बजे हुई। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्धविराम की सहमति की पुष्टि करते हुए कहा कि यह सहमति अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समन्वय से हुई है। उन्होंने कहा कि इजराइल ने एक साथ परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को समाप्त कर दिया है तथा अपने सभी लक्ष्यों को हासिल कर लिया है।इससे पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान और इजराइल के बीच अब युद्धविराम पर सहमति हो गई है और उन्होंने दोनों पक्षों से इसका उल्लंघन नहीं करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यदि इजराइल 24 जून को सुबह चार बजे तक ईरान पर कोई हमला नहीं करता है तो ईरान भी ऐसा ही करेगा। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री से स्पष्ट तौर पर कहा था कि अब कोई हमला नहींए अब कोई युद्ध नहींए ईरानियों को काफी कमजोर कर दिया गया है।ईरान की तरफ से युद्धविराम को लेकर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई लेकिन ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि यदि इजराइल उनके देश पर हमले रोक देता है तो ईरान भी हमले नहीं करेगा। इससे पहले



ईरान ने सोमवार देर रात कतर और इराक में अमरीकी एयरबेस पर मिसाइलों से हमला किया। उसने यह कार्रवाई अपने परमाणु ठिकानों पर अमरीका द्वारा बम बरसाए जाने के बदले में की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में ईरान पर किए गए हमलों को लेकर कहा कि इजराइल ने खुद को एक विश्वशक्ति साबित कर दिखाया है और इसके जरिए ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर खुद को महाशक्तियों की कतार में खड़ा कर दिया है। यह इजराइल और उसके लोगों तथा सेना के लिए एक बड़ी सफलता है जिन्होंने देश के समक्ष दो बड़े खतरों को दूर किया है।माना जा रहा है कि अब पश्चिम एशिया में 12 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष समाप्त हो सकता है। दोनों पक्षों द्वारा समझौते को स्वीकार किए जाने के बाद ईरान ने इजराइल को निशाना बनाकर मिसाइलों का अंतिम हमला किया जिसमें मंगलवार की सुबह कम से कम चार लोग मारे गएए जबकि इजराइल ने तड़के इस्लामिक गणराज्य के ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। गौरतलब है कि रविवार तड़के ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों फोर्डोए नतांज और इस्फहान पर किए गए हवाई हमले से तिलमिलाए ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी आईएईए के साथ अपने संबंध निलंबित कर दिए थे। ईरान ने आईएईए और उन पश्चिमी शक्तियों की विश्वसनीयता की आलोचना की थीए जिन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा योजनाओं पर बातचीत में भाग लिया था।

सोमवार को ईरानी संसद ने एक प्रस्ताव पर एक चर्चा की थी जिसमें आईएईए के साथ ईरान के सहयोग को निलंबित करने पर समर्थन जुटाने का आग्रह किया गया था। इस्लामिक सलाहकार सभा ;मजलिस के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कलीबाफ ने इस आशय की घोषणा की थी।इस घोषणा का मजलिस के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गयाए जबकि आईएईए ने वियना में अपने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की एक आपातकालीन बैठक बुलाई थी जहां महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था इस सैन्य संघर्ष को समाप्त करने की पक्षधर है। कलीबाफ ने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण गतिविधियों से संबद्ध है लेकिन पूरी दुनिया ने स्पष्ट रूप से देखा है कि परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने अपने किसी भी दायित्व को पूरा नहीं किया है और एक राजनीतिक उपकरण बन गई है।

## सम्पादकीय

# अन्नदाता की खुशहाली के लिए गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देष की खुषहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हांलाकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिववार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है। इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी बिड़म्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है। इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज ओने पोने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आड़तियें को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राषि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है। इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देष में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हांलाकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लानेए प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ.महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। डॉण् मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर देश.विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ठ प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ.मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितेशी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए। कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राषि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद.बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इसतरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफहोना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# गुना कुएं में गिरे बछड़े को निकालने उतरे 5 युवकों की जहरीली गैस से मौत



गुना। मध्यप्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के धरनावदा गांव में मंगलवार सुबह एक कुएं में गिरे गाय के बछड़े को बाहर निकालने का प्रयास में पांच युवकों की दम घुटने से मौत हो गईए जबकि एक युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा।

पुलिस और प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में एक पुराने कुएं में सुबह के समय गाय का एक बछड़ा गिर गया था। इसे निकालने के लिए सबसे पहले गांव का युवक मन्नू कुशवाह कुएं में उतरा। कुछ देर बाद उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी।उसकी मदद के लिए सोनू कुशवाह और एक अन्य युवक भी नीचे उतर गए। तीनों की हालत बिगड़ती देख मन्नू का बड़ा भाई पवन कुशवाह और गांव के दो अन्य युवक गुरु ओझा तथा शिवचरण साहू भी सहायता के लिए कुएं में उतरे।

कुएं में संभवतःजहरीली गैस की उपस्थिति के कारण सभी की सांसें घुटने लगीं। इस दौरान पवन कुशवाह रस्सी के सहारे किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहाए लेकिन अन्य पांच युवक कुएं में ही बेहोश हो गए। सभी युवकों को गंभीर स्थिति में कुएं से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहां चिकित्सकों ने गुरु ओझा, शिवदयाल ओझा, सोनू कुशवाह मन्नू कुशवाह और सिद्धार्थ सहरिया को मृत घोषित कर दिया। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई थीए जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर किशोर कुमार कन्यालए पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान की निगरानी की। मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

## झुंझुनूं में अपहृत बालक को मुक्त कराया आरोपी अरेस्ट




झुंझुनूं। राजस्थान में झुंझुनूं जिले के सुलताना थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अपहृत बालक को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक राजावत ने सोमवार को बताया कि 18 जून को सुलताना थाना में परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नी सहित चिड़ावा किसी काम से बैंक गए थे। जब वे अपराह्न में घर लौटे तो उनका नाबालिग पुत्र घर पर नहीं मिला।शिकायत में आरोप लगाया गया कि दिनेश कुमार उनके पुत्र को बहला.फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इतना ही नहीं आरोपी फोन पर बालक को जान से मारने की धमकी भी दे रहा था।इस गंभीर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच दल का गठन किया गया जिसने 20 जून को अपहृत बालक को सकुशल दस्तयाब करके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद आरोपी दिनेश कुमार लोहिया की तलाश में पुलिस लगातार जुटी रही। गहन छानबीन और तकनीकी मदद से पुलिस ने अंततः सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



## अम्पायर के निर्णय पर असहमति जताने पर ऋषभ पंत को लगी फटकार

लीड्स। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज़ षभ पंत को इंग्लैंड के साथ चल रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन अंपायर के निर्णय पर नाराजगी जताने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ;आईसीसीद्धकी ओर से फटकार लगाई गई।यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में उस समय घटित हुई जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को गेंद के बारे में अंपायरों से चर्चा करते देखा गया। जब अंपायरों ने गेंद गेज से जांच के बाद गेंद बदलने से इनकार कर दियाए तो पंत ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक दिया।पंत को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। मैदान पर इस तरह बर्ताव के लिए पंत को फटकार लगाई गई। पिछले दो साल में उनकी यह पहली घटना है। जिसके लिए पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।आईसीसी ने जारी बयान में कहा कि पंत को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफके लिए लागू आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया जो कि अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असहमति जताने से संबंधित है।पंत ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और आईसीसी के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया है इसलिए अनुशासनात्मक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## पोकरण में विधायक पर अभद्र टिप्पणी और थाने पर पथराव करने के 13 आरोपी अरेस्ट

जैसलमेर। राजस्थान में जैसलमेर जिले के पोकरण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विधायक की तस्वीरों पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और उसके बाद पुलिस थाने पर हुए हंगामे एवं पथराव के मामले में पुलिस ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने सोमवार को बताया कि 22 जून को पोकरण के विधायक कार्यालय से शिकायत दर्ज कराई गई कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में विधायक पोकरण की योग क्रियाओं की तस्वीरों के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने फेसबुक और



व्हाट्सएप ग्रुप में अभद्र भाषा में गलत टिप्पणी कीं। जिससे अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। इन टिप्पणियों में रफीक खां मेहर वगैरह का नाम सामने आया।उन्होंने बताया कि शिकायत मिलते ही पोकरण पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले असामाजिक तत्व रफीक खां को गिरफ्तार कर लिया। चौधरी ने बताया कि इस पर रफीक खां की गिरफ्तारी के विरोध में रात करीब साढ़े दस बजे एडवोकेट फिरोज खां शराब के नशे में धुत होकर थाने के सामने पहुंचा और अन्य लोगों को थाने के पास बुलाकर गिरफ्तार आरोपी को छोड़ने की मांग करने लगा।उन्होंने बताया कि फिरोज खां ने भीड़ को उकसाना शुरु कर दिया। इसी दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। उस समय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भीड़ को खदेड़ा। इसके बाद उत्पाद मचा रहे लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने राजकार्य में बाधा डालने के आरोप में एडवोकेट फिरोज खान 40, उमरदीन 25 सलीम खान 21 मोहम्मद खान 21कायमदीन ;26 और इलियास को गिरफ्तार किया जबकि सात अन्य को शांति भंग करने के आरोप में पकड़ा गया है।

## खदान में डूबने से किशोर की मौत

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार को लांबिया खुर्द गांव में खदान में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। थाना प्रभारी मूलचंद ने बताया कि कालू 14 दोस्तों के साथ बकरियां चराने गया गया था। वहां दोपहर करीब दो बजे वे पास ही में एक खदान में नहाने लगेए इसी बीच कालू पैर फिसलने गहराई में चला गया और डूब गया। उसे डूबता देख साथ नहा रहे दोस्तों ने ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों ने खदान से आधे घंटे की मशक्कत के बाद कालू को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## गंगापुर सिटी तहसील में वरिष्ठ सहायक सहित दो लोग 75000 रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट



सवाईमाधोपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को सवाईमाधोपुर जिले की गंगापुर सिटी तहसील में वरिष्ठ सहायक सहित दो लोगों को एक मामले में 75 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चौकी सवाईमाधोपुर को परिवादी ने शिकायत की कि उसकी खरीदी गई कृषि भूमि की रजिस्ट्री करने की एवज में सोनू उर्फहरिप्रसाद एडवोकेट के मार्फत वरिष्ठ सहायक जय शर्मा एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे है। परिवादी से गांव चूली में उसके द्वारा क्रय की कृषि भूमि की रजिस्ट्री करने की एवज में सोनू एडवोकेट ने तहसीलदारए नायब तहसीलदार पटवारी एवं जय शर्मा एवं स्वंय के लिए एक लाख रूपए रिश्वत की मांग की थी।उन्होंने बताया कि इस पर गत 13 जून को सत्यापन कराया गया जिसमें जय शर्मा ने सोनू उर्फ हरिप्रसाद एडवोकेट के मार्फत परिवादी से तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारीयों के लिये एक लाख रूपए रिश्वत की मांग सही पाई गई और बाद में 75 हजार रुपए लेने पर सहमत हुए।इसके बाद ब्यूरो टीम के ट्रेप कार्यवाही करने पर परिवादी से सोनू उर्फहरिप्रसाद एडवोकेट ने पावर हाउस गंगापुर सिटी में 75 हजार रुपए की रिश्वत प्राप्त करने के बाद रिश्वत के रुपए सोनू की शर्ट से बरामद कर लिए गए। इसके बाद आरोपी सोनू उर्फ हरिप्रसाद एडवोकेट को मौके पर एवं जय शर्मा को तहसील कार्यालय गंगापुर सिटी से रंगे हाथों गिरफ़्तार किया गया। तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारीयों की भूमिका भी संदिग्ध हैए के सम्बन्ध में अनुसंधान किया जाएगा। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## सेवन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता राजपूताना क्लब ने जीती ट्रॉफी



अजमेर। स्वर्गीय सुरेश सिंह चौहान की स्मृति में 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को समारोहपूर्वक हुआ। प्रतियोगिता में राजपूताना क्लब के सिर जीत का सेहरा बंधा। विजेता टीम को अतिथियों ने ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।आयोजन समिति के संयोजक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर कुलदीप सिंह राजपुरा रहे। प्रतियोगिता में राजपूताना क्लब विजेता और आर्यन क्लब फुटबॉल की टीम उप विजेता रही। अतिथियों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों मेडल पहनाकर और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने भाग लिया।

विशिष्ट अतिथि डॉक्टर कुलदीप सिंह राजपुरा ने संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाली टीम को यह नहीं समझना चाहिए कि वह कमजोर रही बल्कि उसे अपनी कमजोरी का आकलन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार रहना चाहिए। आयोजन समिति के संयोजक पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## करौली में 40 लाख रुपए की स्मैक बरामद तस्कर अरेस्ट

करौली। राजस्थान में करौली पुलिस ने ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत श्रीमहावीरजी थाना क्षेत्र में एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार करके उससे 103.61 ग्राम स्मैक बरामद की है।पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने सोमवार को बताया कि श्रीमहावीरजी थाना पुलिस और जिला विशेष दल ने संयुक्त कार्रवाई करके मुखबिर की सूचना पर 22 जून को पटोंदा ओवरब्रिज पर कुख्यात तस्कर सरगना राजाराम मीणा 41 को गिरफ्तार करके उससे करीब 40 लाख रुपए की स्मैक बरामद की।उन्होंने बताया कि राजाराम मीणा के तार बारां जिले के कुख्यात स्मैक तस्करी गिरोह से जुड़े हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि राजाराम छबड़ा से स्मैक खरीदकर गंगापुर सिटी, करौली, नादौती, और श्रीमहावीरजी के आसपास के क्षेत्रों में छोटी.छोटी पुड़िया बनाकर आपूर्ति करता था।

## हनुमानगढ़ में टेम्पो पर ट्रेलर पलटने से 3 लोगों मौत 4 घायल

हनुमानगढ़। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के नोहर थाना क्षेत्र में सोमवार को मिट्टी से लदा एक ट्रेलर एक टेंपो पर पलटने से चालक और उसमें सवार एक अधेड़ और उसकी पोती की मौत हो गईए जबकि दो महिलाएं और दो बच्चे घायल हो गए।पुलिस सूत्रों ने बताया कि चूरू जिले में राजगढ़ तहसील क्षेत्र के गांव जाखौद निवासी राजपाल सिंह अपने रिश्तेदार के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए परिवार सहित नोहर आया था। नोहर रेलवे स्टेशन से वह टेम्पो से आपूवाला के लिए रवाना हुए।अपराह्न करीब चार बजे सहारणों की ढाणी के पास मिट्टी से लदा एक ट्रक ट्रेलर टेंपो पर पलट गया जिसके कारण टेम्पो में सवार राजपाल आरुषि और टैम्पो चालक शंकरलाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुमन, रौनक,प्रद्युम्न और रेखा को घायलावस्था में टैम्पो से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार रेखा, रौनक और प्रद्युम्न को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

## ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर में होंगे विभिन्न कार्य,आमजन को मिलेगी राहत

अजमेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा का आयोजन 24 जून से 9 जुलाई तक किया जाएगा। पखवाड़े के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजन कर आमजन को सरकार की मंशा के अनुरूप लाभान्वित किया जाएगा।कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि शिविरों में राजस्व मंडल द्वारा तलब अभिलेखों पत्रावलियों को प्रेषित करने का कार्य पखवाड़े के दौरान किया जाएगा। लंबित नोटिस की तामील करना सुनिश्चित होगा। इसी प्रकार लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करनाए लंबित नामान्तरणों का निस्तारण रास्तों के प्रकरणों का निस्तारणए आपसी सहमति से बंटवारे करना बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार करनाए अप्रयुक्त विभागीय भवनों तथा भूमि का उपयोग एवं आवंटन करना अटल ज्ञान केन्द्र के लिए जगह भवन चिन्हित करने के कार्य किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि शिविरों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत लक्षित बीपीएल परिवारों को बैंक खातों का सत्यापन करना डीबीटी के माध्यम से 21 हजार रूपए की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण करने पंडित दीन दयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त करनाए पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के लिए नए गांवों के बीपीएल परिवारों का सर्वे करने के साथ ही स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना वर्षा जल संरक्षण के लिए जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।उन्होंने बताया कि बिजली के झूलते तारों को खिंचवानाए विद्युत पोल सही करवानाए तारों के सम्पर्क में आने वाले पेड़.पौधों की कटिंग करवाना लंबित नल कनेक्शन शीघ्र जारी करना पानी की टंकियों की साफसफाई करवानाए जलदाय विभाग के जल स्त्रोतों के लंबित विद्युत कनेक्शन जारी करानाए ग्रीष्मकाल में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे आकस्मिक कार्यों का सत्यापन करनाए लीकेज की मरम्मत और अंतिम छोर पर जल दबाव सुनिश्चित करना पाइप लाइन संबंधी कार्यों में तोड़ी गई सड़क मरम्मत स्थिति की समीक्षा एवं सत्यापन करने के कार्य होंगे।

उन्होंने बताया कि शिविरों में कि बांधों एवं नहरों के गेटों की सफाई एवं ग्रीस लगानाए पंचायत राज से जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित जलसंग्रहण संरचनाओं की मरम्मत करना सूक्ष्म सिंचाई योजना के अन्तर्गत ड्रिप मिनी एवं फव्वारा इत्यादि की स्वीकृति जारी करना मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना नर्सरियों से पौधा वितरण करना हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण कार्य एनएफएसए अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण करनाए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल नवीन पात्र परिवार एवं सदस्यों की आधार सीडिंग करना एनएफएसए परिवारों व सदस्यों की ई.केवाईसी करना लंबित यूडीआईडी कार्ड जारी करनाए मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना अन्तर्गत दवा वितरण काउण्टर पर दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना आयुष्मान कार्ड वितरण करना एनसीडी स्क्रीनिंग करना टीबी मुक्त स्क्रीनिंग करना, सिलिकोसिस पीड़ितों का चिन्हीकरण करना टीकाकरण किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि पशुओं की जांचए इलाज और टीकाकरण के लिए कैम्प आयोजनए मंगला पशु बीमा में रजिस्टर्ड पशुओं का हेल्थ सर्टिफिकेट जारी करना सत्यापन करना और पॉलिसी जारी करनाए विभागीय आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में साफसफाई और सुधार कार्य करना विद्यालय परिसरों की सफाई कराना विशेष रूप से बालक.बालिका शौचालयों की मरम्मत सुनिश्चित करनाए विद्यालयों में अनुपयोगी व जर्जर सामग्री का निस्तारण विद्यालयों में जलए बिजली फर्नीचर पंखे बोर्ड आदि की कार्यशीलता की समीक्षा कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराना विद्यालयों का क्रमोन्नयन सुनिश्चित करना नये संकाय शुरू कर विद्यार्थियों का नामांकन करना तैयार अटल टिंकरिंग लैब का शुभारंभ करनाए यूनिफार्म के लिए राशि हस्तान्तरण करनाए मिड.डे मील में चिन्हित स्थानो पर श्री अन्न प्रयोग प्रारम्भ करना स्कूटी ठीक कराके उनका वितरण कराना नालों की सफाई एवं सत्यापन करनाए वृक्षारोपण के लिए स्थान चिन्हित कर तैयारी करनाए नालों में जल बहाव की रूकावटें दूर हटानाए मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्रों में सामग्री संग्रहण एवं वितरण करानाए बंद स्ट्रीट लाइट शुरू कराना संभावित अतिवृष्टि के संबंध में तैयारी करना सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन पूर्ण करने के कार्य किए जाएंगे।

## अभिनेत्री गार्गी मौशिक पटेल से ऑनलाइन फ्रॉड में 45000 रुपए की ठगी



मुंबई। टेलीविजन एवं फिल्म अभिनेत्री गार्गी मौशिक पटेल के साथ एक व्यक्ति ने इस्तेमाल किए गए घरेलू उपकरणों की बिक्री से जुड़े मामले में 45 हजार रुपए की ठगी की है। अभिनेत्री ने इस संबंध में पुलिस में मामला दर्ज कराया है।अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह घटना मुंबई के वर्ली इलाके की है। अभिनेत्री की शिकायत पर वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अभिनेत्री ने हाल ही में एक वाशिंग मशीन और इस्तेमाल किए गए घरेलू उपकरणों को बेचने के लिए फेसबुक पर विज्ञापन दिया था और इसके आधार पर तरूण नामक एक व्यक्ति ने उनसे मिलकर 40 हजार रुपए में उन्हें खरीदने की बात कही। उस व्यक्ति ने अभिनेत्री से उनका बैंक विवरण मांगा और पहले 35000 रुपए ट्रांसफर किए तथा शेष पांच हज़ार रुपए बाद में देने का आश्वासन दिया।इसके तुरंत बाद गार्गी को मोबाइल फोन पर एक मैसेज मिला और इससे पहले वह इसे पढ़ पातीए उसी व्यक्ति ने फोन कर कहा कि गलती से उसने पांच हजार की जगह 50000 रुपए ट्रांसफर कर दिए हैंए और उनसे 45000 वापस मांगे। गार्गी ने उस व्यक्ति पर भरोसा करते हुए अपने खाते और पति के बैंक खातों से 45000 रुपए वापस भेज दिए।इसके बाद जब गार्गी ने उससे पांच हजार की शेष राशि लौटाने की बात कही तो वह व्यक्ति पैसे लौटाने के नाम पर बहाने बनाने लगा और फिर उसने गार्गी का फोन उठाना ही बंद कर दिया। जब गार्गी को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है तो उन्होंने वर्ली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## Auric, ISAK Fragrances, and Fix My Curls Win Amazon's Propel Global Business Accelerator Season 4; Season 5 Applications Now Open

Delhi: Amazon India today announced Auric, ISAK Fragrances, and Fix My Curls as the winners of the Amazon Propel Global Business Accelerator Season 4. These three innovative Indian direct-to-consumer (D2C) brands will collectively receive a $100,000 equity-free grant from Amazon to fuel their international growth ambitions through e-commerce exports.Auric, founded by Deepak AgarwalISAK Fragrances, founded by Vidushi VijayvergiyaFix My Curls, founded by Anshita MehrotraBuilding on the program's significant success in helping over 120 Indian D2C brands launch globally, AmazonIndia also announced the launch of Propel Global Business Accelerator Season 5 (Propel S5). Applications for Propel S5 are now open and will close on July 15, 2025. Season 5 aims to support up to 100 high-potential D2C brands.Program Impact and Future Vision"I would like to congratulate all the winners and finalists of Propel Global Business Accelerator Season 4. It's inspiring to see such innovation and ambition to build global brands from across India, a testament to the rapid adoption of e-commerce exports," said Srinidhi Kalvapudi, Head, Amazon Global Selling India. "Propel began with a vision to help emerging companies create globally recognized brands; over four years, we've supported over 120+ Indian D2C brands including Minimalist, Sirona, Shumee, PLIX, Butterfly edu, Confect amongst others. With Propel S5, we plan to support up to 100 Indian D2C brands launching globally this year, a key part of our commitment to drive $80 billion in e-commerce exports from India by 2030."Propel Global Business Accelerator Season 4, launched in May 2024, saw an overwhelming response with over 900 applications from D2C and emerging brands across more than 15 Indian cities. Fifty-four D2C brands were selected as finalists. The program was run in association with leading VC firms including Amazon Smbhav Venture Fund, Peak XV Partners, Fireside Ventures, DSG Consumer Partners, IPV, V3 Ventures, and Elevation Capital.

# अजमेर के लिए 99 करोड़ रुपए की तीन सड़क परियोजनाओं की मंजूरी

## अजमेर-राजगढ़-बिठूर-मसूदा मार्ग एमडीआर.79 का सुदृढ़ीकरण होगा



अजमेर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयासों से अजमेर संसदीय क्षेत्र को तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान की है। इन परियोजनाओं के तहत कुल 99.01 करोड़ रुपए की लागत से सुदूरवर्ती और ग्रामीण मार्गों का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किया जाएगा जिससे स्थानीय लोगों की कनेक्टिविटी और यातायात सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा लिखे पत्र में इस बात की पुष्टि की गई है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय सड़क एवं अधोसंरचना निधि योजना के अंतर्गत अजमेर संसदीय क्षेत्र की तीन सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को लिखे गए पत्र और उठाई गई मांग के परिणामस्वरूप मिली है।

### ये तीन परियोजनाएं स्वीकृत

1. अजमेर,राजगढ़,बिठूर,मसूदा मार्ग एमडीआर.79 मसूदा,किराप,बाघसूरी बायपास रोड। करीब 21.50 किमी लंबे इस मार्ग पर 27.01 करोड़ रुपए लागत से सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किया जाएगा।
2. धुवालिया, एकलसिंघा, मेवदाकलां, रूपनिवास, सलारी, तस्वारिया, मोकलिया, कालेड़ा कृष्ण गोपालपारा,फ्रकिया,भरई, प्राहेड़ा,सांपला मार्ग एमडीआर.156 लगभग 13.60 किमी लंबे इस मार्ग पर 22.00 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
3. केरोट, जेठपुरा,चावंडिया,पाडलिया, नटोला, बड़ला, रघुनाथगढ़, रामालिया, टांटोटी. केबनिया,भटियानी मार्ग ;एमडीआर.399। करीब लगभग 33.20 किमी लंबे इस मार्ग पर 50.00 करोड़ रुपए लागत आएगी।

### ग्रामीण क्षेत्र विकास के मुख्यधारा से जुड़ेंगे

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने इस स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फसड़कों का निर्माण नहीं है बल्कि ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इन परियोजनाओं से न केवल यात्रा सुविधाएं बेहतर होंगीए बल्कि स्थानीय व्यापारए शिक्षाए स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि अजमेर क्षेत्र का सर्वांगीण और संतुलित विकास होए विशेषकर उन क्षेत्रों का जो अब तक विकास से वंचित रहे हैं। यह स्वीकृति अजमेर की जनता के लिए एक बड़ी राहत और उपलब्धि हैए जिससे आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# रेल यात्रियों में लोकप्रिय हो रहा यूटीएस ऑन मोबाइल एप




अजमेर। रेल यात्रियों में यूटीएस ऑन मोबाइल एप काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस एप के माध्यम रेल यात्री स्मार्ट फोन से डिजिटल भुगतान कर अनारक्षित टिकट ले सकते है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार यूटीएस ऑन मोबाइल एप से उन रेल यात्रियों को लाभ होता है जो बुकिंग विंडो पर कतार में इंतजार कर टिकट प्राप्त करने से बचना चाहते है। वे स्वयं इस मोबाइल एप utsonmobile के माध्यम से अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकते हैं। सूचना प्रणाली केंद्र ;सीआरआईएस द्वारा यह मोबाइल आधारित एप्लिकेशन विकसित किया गया है।आज के डिजीटल युग में जहां अधिकांश कार्य व्यक्ति अपने मोबाईल फोन से संचालित कर लेता है ऐसी स्थिति में अनारक्षित टिकटों की बुकिंग स्मार्ट फोन द्वारा होना आम आदमी के लिए एक बड़ी सुविधा है। यूटीएस मोबाईल एप पर टिकट बुक करने से यात्रियों को टिकट खिड़की की लम्बी लाइनों में लगने से छुटकारा मिलता है। इससे ना सिर्फ यात्रियों को अनारक्षित टिकट लेने के लिए स्टेशन पर लम्बी कतारों से मुक्ति मिलती है बल्कि टिकट काउण्टर पर भीड़ में जेब कटने या अधिक नगद साथ रखने की समस्या से भी निजात मिलती है। मोबाइल एप से टिकट बुक करने पर अनावश्यक रूप से जल्दी स्टेशन पहुंचने की आवश्यकता नहीं रहतीए जिससे यात्रियों का समय बचता है तथा ट्रेन में चढ़ने से पहले टिकट के फेर में गाड़ी छूटने की चिंता से मुक्ति मिलती है कागज की कम खपत होने से हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि यूटीएस ऑन मोबाईल एप भारतीय रेल्वे की महत्वाकांक्षी योजना है जो यात्रियों को सुविधाए समय की बचत और डिजिटल टिकटिंग अनुभव सहित कई लाभ प्रदान करता है। यह यात्राए सीजन और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने उपनगरीय टिकटों की रद्द करने और आर.वॉलेट प्रबंधन जैसी अन्य सुविधाओं की अनुमति देता है।इस हेतु अजमेर मंडल पर अधिक से अधिक यात्रियों को जागरुक करके डिजिटल इंडिया की सोच को साकार किया जा रहा है। यूटीएस ऑन मोबाईल एप के संदर्भ में मंडल के विभिन्न रेल खंडों और स्टेशनों पर योजना बनाकर अधिक से अधिक भुगतान को डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

# स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहा गंदगी से अटा सार्वजनिक मूत्रालय

अजमेर। विश्व प्रसिद्ध दरगाह के मुख्य मार्ग पर देहली गेट बाजार में जन सुविधा के लिए बनाए गए सार्वजनिक मूत्रालय की सफाई न होने से जायरीन के साथ ही स्थानीय लोग व दुकानदार परेशान हैं।मूत्रालय की नियमित सफाई किए जाने के लिए क्षेत्रीय पार्षद व नगर निगम के जमादार को इस बाबत दुकानदारों ने कई बार शिकायत की लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।देहली गेट बाजार में व्यवसाय करने वाले लोगों की सुविधा के लिए देहली गेट चिश्तिया पैलेस के पास 80 वर्ष से सार्वजनिक मूत्रालय बना हुआ है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी इस शौचालय की नियमित सफाई करने नहीं आते। ऐसे में दुर्गंध में कारण बाजार में दुकानदारों को व्यवसाय करना मुश्किल हो रहा है।बतादें कि स्वच्छ भारत अभियान शुरू होने के बाद नगर निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में अभियान को सफल बनाने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद गंदगी से अटा रहने वाला सार्वजनिक मूत्रालय में स्वच्छता अभियान का उपहास बना रहा है। धानमंडी देहली गेट व्यापारिक संघ ने नगर निगम के अधिकारियों से मूत्रालय की नियमित सफाई कराए जाने की मांग की है।



**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# पुलिस ने दस हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

बाड़मेर। राजस्थान में बाड़मेर पुलिस ने दस हजार रुपए के इनामी एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि बाड़मेर के रीको थाने की पुलिस टीम ने एक साल से फरार चल रहे दस हजार के इनामी बदमाश हुकम सिंह जाट निवासी भुरटिया थाना नागाणा को गिरफ्तार किया है।

आरोपी पर धोखाधड़ीए चोरी और अवैध हथियार रखने सहित कई गंभीर अपराधों में मुकदमे दर्ज हैं और पुलिस को धरकरभर विशेष अभियान में इसे पकड़ने में सफलता मिली।मीना ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध फरवरी 2015 में थाना कोतवाली बाड़मेर में मारपीट डकैती तोड़फोड़ और आपराधिक साजिश वर्ष 2017 में थाना बाड़मेर ग्रामीण में मारपीट हत्या का प्रयासए हत्या और अवैध हथियार रखने और 23 जून 2024 को थाना रीको पर धोखाधड़ीए चोरी और अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)